उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ
संख्या- 186 /34/चार/आयोग/2020
लखनऊः दिनांक- 21 अप्रैल , 2022

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के नियंत्रणाधीन विभिन्न व्यवसायों के अनुदेशकों के पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के अंतर्गत मुख्य परीक्षा (विज्ञापन संख्याः-02-परीक्षा/2022) का विज्ञापन प्रकाशित कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए थे।

उक्त विज्ञापन के बिन्दु-10 में यह उल्लिखित है कि लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम एवं तिथि के सम्बन्ध में यथासमय सूचित किया जाएगा।

तद्नुक्रम में आयोग के प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2021 के अंतर्गत अनुदेशकों के पदों की मुख्य परीक्षा (विज्ञापन संख्याः-02-परीक्षा/2022) की लिखित परीक्षा की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निम्नवत् है-

परीक्षा योजना

अधिकतम अंक-100 परीक्षा की अवधि-120 मिनट

क्र0 सं0	भाग	विवरण	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक
1.	भाग-1	विषयगत ज्ञान	60	60
2.	भाग-2	सामान्य ज्ञान	40	40
		योग	100	100

नोट- प्रत्येक गलत प्रश्न के लिए (1/4) अंक की कटौती की जाएगी।

पाठ्यक्रम

भाग-1रोजगार कौशल (इम्प्लॉयबिल्टी स्किल्स) —————— 60 अंक

(1)-अंग्रेजी साक्षरता ——————————05 अंक

1. विराम चिन्ह विधान (Punctuation)
2. एकवचन एवं बहुवचन
3. काल परिवर्तन (Change of Tense)

(2)-सूचना प्रोद्योगिकी साक्षरता ———————————— 20 अंक

1. **कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी-** हार्डवेयर तथा युक्तियों के नाम, कम्प्यूटर नेटवर्क की सामान्य जानकारी।
2. **ऑपरेटिंग सिस्टम-** ऑपरेटिंग सिस्टम के प्रकार,फाईल्स तथा फोल्डर्स को Create, Copy Move एवं Delete करना। वाह्य मेमौरी का प्रयोग,विन्डोज टूल्स एवं विशेषतायें।
3. **एम0 एस0 वर्ड–** डॉक्यूमेन्टस को बनाना, खोलना एवं बंद करना, शार्टकट का प्रयोग, टेक्स्ट को बनाना,संशोधित करना एवं फॉरमेटिंग करना। डाक्यूमेन्ट को प्रिन्ट करना।
4. **एम0 एस0 एक्सेल-** एक्सेल की सामान्य जानकारी तथा इसका महत्व। सामान्य वर्कशीट बनाना। Adding, average तथा अन्य फंक्शन। एक्सेल शीट को प्रिन्ट करना।
5. **वेब ब्राउजर तथा सर्च इंजन–** World wide web का परिचय, उपयोगी वेबसाईट, वेब ब्राउजर तथा उसका प्रयोग, सर्च इंजन,यू0पी0आई0 गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन फण्ड स्थानान्तरण।
6. **ई-मेल-** ईमेल खाते को बनाना तथा प्रयोग करना। CC तथा BCC का प्रयोग, डाक्यूमेट्स को जोड़ना, चेक करना तथा ईमेल को कम्पोज करना।
7. **मोबाईल एप्लीकेशन –** QR/AR code को स्कैन करना,Wi-fi का प्रयोग।

(3)- पर्यावरण शिक्षा ———————————— 10 अंक

1. **व्यवसाय जनित जोखिम-** सामान्य जोखिम रासायनिक, भौतिक (विद्युतीय, तापीय, प्रदीपन), यांत्रिकी तथा जोखिम से बचाव
2. **प्राथमिक चिकित्सा-** कार्यस्थल पर चोटिल तथा बीमार की देखभाल करना। किसी बीमार की प्राथमिक चिकित्सा तथा लाना ले जाना।
3. **पर्यावरणीय मुद्दे-** पर्यावरण का परिचय, पारिस्थतिकी तन्त्र तथा अनियन्त्रित प्रदूषण के कारक एवं प्रदूषक में ठोस, द्रव तथा खतरनाक अपशिष्ट। वातावरण को सुरक्षित करना- ऊर्जा संरक्षण, भूजल, ग्लोबल वार्मिंग। कचरे का पृथक्कीकरण एवं निराकरण।

(4)-श्रम कल्याण कानून ———————————— 20 अंक

विभिन्न कानूनों के प्रत्याभूत लाभ तथा फैक्ट्रीज एक्ट, अप्रेन्टिसशिप एक्ट, इम्पलॉय स्टेट इन्शयोरेन्स एक्ट, पेमेन्ट वेजेज एक्ट, इम्पलाईज प्रोविडेन्ट फण्ड एक्ट, द वर्क्समेन कम्पनसेशन एक्ट, POSH। श्रम एवं औद्योगिकी कानून की व्याख्या।

(5)- गुणवत्ता प्रबन्धन ———————————— 05 अंक

1. Quality Management (QMS) & PDCA की अवधारणा –Quality Management (QMS), PDCA Fishbone, 5S, 5D, KAIZEN की अवधारणा।

2. आई0 एस0 ओ0 की अवधारणा- आई0 एस0 ओ0 का परिचय।

भाग-2 सामान्य ज्ञान ———————— 40 अंक

(निम्नलिखित प्रत्येक उपभाग से 05 अंक के प्रश्न होंगे)

1- भारत की सांस्कृतिक विरासत (भारत की कला एवं संस्कृति) एवं भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन

2- भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएं, मौलिक अधिकार व कर्तव्य, संसदीय कार्य प्रणाली, न्यायपालिका, पंचायतीराज व्यवस्था।

3-भारतीय अर्थ व्यवस्था के विकास से संबंधित विषय जैसे- हरित क्रान्ति, पंचवर्षीय योजनाएं, नीति आयोग, कृषि सुधार आदि।

4. स्वास्थ्य एवं दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से जुड़ी सामान्य विज्ञान संबंधित विषय जैसे- मानव शरीर की संरचना व स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योजनाएं, भौतिकी, रसायन से संबंधित अत्यन्त प्रारम्भिक स्तर के विषय

5. **प्रारम्भिक अंकगणित-** भिन्न तथा दशमलव, प्रतिशतता, साधारण अंकगणितीय समीकरण, वर्ग एवं वर्गमूल, घातांक एवं घात, औसत

6. **सामान्य हिन्दी-** विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, वाक्यांशो के लिए एक शब्द, समश्रुत भिन्नार्थक शब्द, मुहावरे-लोकोक्तियाँ, सामान्य अशुद्धियां

7- **सामान्य जागरुकता-** भारत व पड़ोसी देश, विश्व के देश,राजधानी एवं मुद्रा, विश्व संगठन एवं उनके मुख्यालय, खेलकूद, पुरूस्कार एवं विजेता, प्रसिद्ध पुस्तकें व उनके लेखक, भारतीय अनुसंधान संगठन

8- **प्रदेश से संबंधित ज्ञान-** उत्तर प्रदेश का भौगोलिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व, प्रदेश के पर्यटन स्थल, प्रदेश में संचालित की जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाएं।

21/04/2022

(दिनेश)
परीक्षा नियंत्रक।